रंगदारी मांगने वाले सरपंच और रिश्वत मांगने के आरोपी बाबू के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश

- अपनी जनसुनवाई में मंत्री दिलावर ने दिखाए सख्त तेवर
- आमजन के लिए खोला राहत का पिटारा

कोटा के चेचट में मंत्री मदन दिलावर के द्वारा जनसुनवाई की गई है।

कोटा, (निसं)। शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री तथा रामगंजमंडी के विधायक मदन दिलावर चेचट के महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सरकार आपके द्वारा समस्या समाधान शिविर में जनसुनवाई करते हुए प्रशासनिक स्तर पर सख्त तेवर दिखाये हैं।

घाटोली के रामकुमार दास पुत्र निर्मल दास ने शिविर में उपस्थित होकर मंत्री दिलावर को शिकायत दी की 'मैं हनुमान मंदिर का पुजारी हूं, तथा घाटोली में गौशाला का संचालन कर रहा हूं। गांव का सरपंच दिनेश तिवारी मुझे बार-बार धमकी दे रहा है कि 2 लाख रुपए दो तभी गोशाला चलाने दूंगा नहीं तो गोशाला बंद करवा दूंगा।' मंत्री ने शिविर में उपस्थित चेचट पुलिस थाने के थानाधिकारी को आरोपी के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश दिए। इसके अलावा रामगंजमंडी विधानसभा क्षेत्र से हो कर गुजर रहे 8 लेन मुंबई-दिल्ली एक्सप्रेस हाइवे में अवाप्ति शुदा जमीन के मुआवजे के भुगतान के बदले रिश्वत मांगने के आरोपी बाबू को तत्काल हटाने के शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने निर्देश एसडीएम को दिए है। शिविर के दौरान शिव माली पुत्र सत्यनारायण माली और उसके बड़े भाई कैलाश माली ने लिखित प्रतिवेदन प्रस्तुत कर शिकायत की कि उसके हिस्से की करीब ढाई बीघा जमीन निर्माणाधीन एक्सप्रेस हाईवे में अवाप्त कर ली गई है उसके बदले उसे 1लाख 70 हजार रुपए बीघा की दर से मुआवजा पारित हुआ है। उपखंड अधिकारी कार्यालय में तैनात संजय जैन नामक बाबू उसे मुआवजे का भुगतान नहीं कर रहा है। भुगतान के बदले 10 प्रतिशत कमीशन की मांग कर रहा है। कृपया हमें हमारी जमीन का मुआवजा दिलवाया जाए।

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने शिविर में उपस्थित उपखंड अधिकारी नीता वसीटा को आरोपी बाबू को तत्काल हटाने के निर्देश दिऐं। उपखंड अधिकारी ने मंत्री को बताया कि उक्त बाबू संविदा पर कार्यरत है और उसे आज ही हटा दिया जाएगा। इससे पूर्व मंत्री मदन दिलावर ने निर्धारित कार्यक्रमानुसार शिविर में पहुंचकर विभागों द्वारा लगाई गई सरकारी योजनाओं की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। तत्पश्चात मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। शिविर की शुरुआत करते हुए मंत्री मदन दिलावर ने सबसे पहले क्षेत्र के स्वीकृत/प्रारंभ हुए विकास कार्यों की जानकारी दी। दिलावर ने चेचट संस्कृत महाविद्यालय भवन निर्माण के लिए 2.50 करोड़ रुपए देने की घोषणा की। नाला निर्माण के लिए 3 करोड़ रुपए दिए गए है जिससे साफ-सफाई के साथ पक्के नाले का निर्माण मय ढकान के होगा। मंत्री ने बताया कि चेचट में नवीन महाविद्यालय इसी सत्र से प्रारंभ हो चुका है। जिसमें विद्यार्थियों का प्रवेश के साथ अध्ययन शुरू हो गया है। खैराबाद में पशुपालन विभाग द्वारा 13 नवीन पशु उपकेंद्र स्वीकृत किए गए है।

ग्राम खीमच, खंभकोट, लखरिया, असकली, डोलियों, कल्याखेड़ी, खेड़ली, सालेड़ा खुर्द, हरियाखेड़ी, देवली खुर्द, झिरी, कुदायला तथा मंडा में एक-एक नवीन पशु उपकेंद्र शीघ्र शुरू हो जाएंगे। विधानसभा क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों में वर्तमान में 19 करोड़ 65 लाख 85 हजार रुपए के विभिन्न निर्माण कार्य स्वीकृत अथवा प्रगति पर है।

शीघ्र ही 7 करोड़ रुपए के कार्यों की अतिरिक्त स्वीकृति और जारी की जा रही है। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने बताया कि रामगंजमंडी विधानसभा क्षेत्र में तालाबों के पुनरुद्धार/हरवेस्टिंग स्ट्रक्चर/लघु सिंचाई परियोजना/मध्यम सिंचाई परियोजनाओं के लिए 144 करोड़, 89 लाख 21 हजार रुपए के कार्य स्वीकृत किए गए है। इनमें ग्राम रघुनाथपुर में तकली नदी पर उच्च स्तरीय पुल का निर्माण लागत 10 करोड़ 97 लाख 47 हजार रुपए। तकली मध्य सिंचाई परियोजना की दांई मुख्य नहर और बाई मुख्य नहर के तहत 7800 हेक्टेयर के कृषि योग्य कमांड क्षेत्र को सिंचित करने के कार्य के लिए 49 करोड़ 8 लाख रुपए की स्वीकृति शामिल है। इसके अतिरिक्त विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास योजना में विधायक कोष से 2 करोड़ 32 लाख 88 हजार रुपए के विभिन्न कार्य विधानसभा क्षेत्र में स्वीकृत किए गए है। राजकीय उप स्वास्थ्य केंद्र/प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र/सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के नवीन भवन निर्माण हेतु 3 करोड़ 85 लाख रुपए स्वीकृत किए गए है। इनमें उप स्वास्थ्य केंद्र असकली, बुधखान, दुहानिया, सालेड़ा कलां, सहरावदा, भंवरिया तथा रावता शामिल है।

रामगंजमंडी विधानसभा क्षेत्र में नवीन सड़कों/पुलिया और ब्रिज के निर्माण के लिए 84 करोड़ 24 लाख 80 हजार रुपए की स्वीकृति जारी की जा चुकी है। क्षेत्र में पेयजल के लिए 12 करोड़ 27 लाख के कार्य स्वीकृत किए गए है।कुल मिलाकर 267 करोड़ 24 लाख 75 हजार रुपए के कार्य रामगंजमंडी विधानसभा में वर्तमान में स्वीकृत/ चल रहे है। वर्तमान सत्र में वित्तमंत्री द्वारा घोषित 90 करोड़ 34 लाख रुपए की बजट घोषणा अलग है। शिविर के दौरान ग्राम वासियों की मांग पर सालेड़ा कलां ग्राम पंचायत में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख रुपए की स्वीकृति शिविर में ही जारी की है।

सारस्वत ब्राह्मण समाज का अन्नकूट पादडा में संपन्न

सारस्वत ब्राह्मण समाज का अन्नकूट कार्यक्रम संपन्न हुआ है।

- केशवरायपाटन पादडा बालाजी धाम पर हुए कार्यक्रम में प्रदेश के पदाधिकारी भी शामिल हुए

कोटा, (निसं)। सारस्वत ब्राह्मण हितकारी समिति की ओर से सारस्वत ब्राह्मण समाजबंधुओं का अन्नकूट एवं दीपावली मिलन समारोह केशवरायपाटन ग्राम पादडा स्थित बालाजी धाम मंदिर में धूमधाम से आयोजित किया गया। संस्था के अध्यक्ष मुकेश सारस्वत ने बताया कि अन्नकूट महोत्सव में हाड़ौतीभर से समाजबंधु शामिल हुए।

इसमें बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग भी शामिल थे। यहां चतुर्भुज नाथजी की झांकी सजाई गई तथा बालाजी और चतुर्भुज नाथ जी को 56 भोग लगाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान श्री चतुर्भुज नाथजी की आरती के साथ हुई।

समाज के पदाधिकारियों के साथ-साथ सदस्यों ने भी इस महाआरती में भाग लिया। सभी ने भक्ति गीत गाए। इस अवसर पर स्थानीय सरपंच दीनदयाल मीणा, पंचायत समिति सचिव रामराज मीणा व सहायक अभियंता विजेन्द्र गोचर मौजूद रहे।

कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जयपुर से समाज के पहले कोषाध्यक्ष मांगीलाल ओझा एवं उनकी पुत्री डॉ.सुनीता ओझा, मथुरा सारस्वत समाज के अध्यक्ष हरीशचन्द्र सारस्वत व भीलवाड़ा से रमेश शुक्ला भी केशवरायपाटन ग्राम पादडा पहुंचे। इस अवसर पर अध्यक्ष मुकेश सारस्वत ने कहा कि पादडा में बालाजी धाम समाज के लिए आराधना का केन्द्र है। समाज के प्रयासों से यहां योग भवन का निर्माण हुआ है, यहां निर्माण और इंटरलॉकिंग के साथ योग भवन और मंदिर दोनों स्थलों का कायाकल्प हो गया। समाजबंधुओं के लिए केशवरायपाटन में सामाजिक कार्यक्रमों के लिए बेहतर स्थल हो गया।

महामंत्री कुलदीप प्रकाश शर्मा ने बताया कि समाज प्लास्टिक मुक्ति के लिए लगातार प्रयासरत है। समाजबंधुओं द्वारा जागरूकता भी लाई जा रही है ताकि शहर को प्लास्टिक मुक्त रखने में योगदान निभा सकें।

कोटा से 20 नवम्बर को अंतिम ट्रिप पानीपत के लिए स्पेशल ट्रेन जाएगी

कोटा, (निसं)। यात्रियों की सुविधा हेतु अतिरिक्त यात्री भीड़ को क्लीयर करने के उद्देश्य से रेल प्रशासन द्वारा ट्रेन आन डिमांड के तहत गाड़ी संख्या 09801/09802 कोटा-पानीपत-कोटा के मध्य अंतिम ट्रिप 20 नवम्बर को स्पेशल ट्रेन जाएगी। इस गाड़ी में वातानुकूलित श्रेणी, शयनयान श्रेणी, सामान्य श्रेणी सहित कुल 21 कोच हैं। रेलयात्री किसी भी कंप्यूटरीकृत आरक्षण केन्द्र या ऑनलाईन आईआरसीटीसी की वेबसाईट से इस स्पेशल ट्रेन में कोटा से सामान्य कोटे में स्लीपर में 226 बर्थ, वातानुकूलित थर्ड एसी में 84 बर्थ की वर्तमान सीट उपलब्धता का लाभ उठा सकते है।

यह आरक्षित बर्थ की उपलब्धता परिवर्तनीय है। गाड़ी सं 09801 कोटा से पानीपत के लिए प्रस्थान अपने प्रारम्भिक स्टेशन से सुबह 07.15 बजे प्रस्थान कर सायं 18.35 बजे पानीपत पहुंचेगी और वापसी गाड़ी संख्या 09802 पानीपत से कोटा के लिए प्रस्थान अपने प्रारम्भिक स्टेशन से रात 21.15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 07.30 बजे कोटा पहुंचेगी। गाड़ी के हॉल्ट-यह गाड़ी दोनों दिशाओं में लाखेरी, सवाई माधोपुर, गंगापुरसिटी, हिंडौनसिटी, बयाना, भरतपुर, मथुरा, नई दिल्ली, सोनीपत एवं भोडवाल माजरी स्टेशनों पर रुकेगी। यात्री स्पेशल ट्रेन के ठहराव की विस्तृत जानकारी रेल मदद 139 अथवा ऑनलाईन माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं।

नाम परिवर्तन

मैं अंकित मरचूनिया (Ankit Marchunia) आत्मज संजय माहेश्वरी निवासी 2-झ-2 दादाबाड़ी विस्तार योजना, कोटा मेरे नाम अंकित मरचूनिया (Ankit Marchunia) है। लेकिन मेरे पासपोर्ट में सरनेम की स्पेलिंग Marchuina आलेखित है जो गलत है सही स्पेलिंग Marchunia है। मेरे सरनेम की स्पेलिंग Marchuina के स्थान पर Marchunia पढ़ा जावे।

खोया-पाया

विनोद सोनी पुत्र कन्हैया लाल सोनी 3-C-34 दादाबाड़ी विस्तार कोटा का निरस्तीकरण प्रमाण पत्र गुम हो गया है, किसी को मिलने पर सूचित करें।

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रामगंजमंडी स्टेशन का कायाकल्प

- रामगंजमंडी का पुनर्विकास कार्य 52 फीसदी तक पूरा हुआ

कोटा, (निसं)। मंडल के रामगंज मंडी रेलवे स्टेशन का कायाकल्प अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 18.62 करोड़ रुपये की लागत से तीव्र गति से किया जा रहा है। वर्तमान में स्टेशन का 52 फीसदी कार्य पूरा हो चुका हैं।

रामगंजमंडी रेलवे स्टेशन एशिया के सबसे बड़े धनिया मंडी के लिए प्रसिद्ध है। यह स्टेशन उन्नत यात्री सुविधाओं के कायाकल्प से एक आदर्श स्टेशन बन जाएगा। स्टेशनों के कार्य प्रगति का नियमित अन्तराल पर डीआरएम मनीष तिवारी द्वारा निरीक्षण एवं समीक्षा की जा रही है। इस स्टेशन का उन्नयन कार्य मार्च, 2025 से पहले पूरा करने का लक्ष्य है। स्टेशन नवीनीकरण एवं उन्नत यात्री सुविधाओं से युक्त होने पर स्थानीय आमजनता को लाभ एवं आर्थिक गतिविधियों के साथ पर्यटन में इजाफा होगा।

अमृत स्टेशन योजना के अन्तर्गत मंडल के 17 रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प किया जा रहा है जिसमें सर्कुलेटिंग एरिया का विकास, अलग-अलग प्रवेश व निकास द्वार, टू-व्हीलर, फोर-व्हीलर और ऑटो रिक्शा के लिए अलग-अलग पार्किंग की सुविधा, यात्री क्षमता के अनुसार पर्याप्त क्षेत्र में प्रवेश हॉल का निर्माण, कोच इंडिकेशन बोर्ड का प्रावधान, वेटिंग रूम, स्टेशन बिल्डिंग के आंतरिक व बाहरी भाग में उत्कृष्ट साज-सज्जा, स्थानीय लोक कला से निर्माण, नए प्लेटफॉर्म शेल्टर, दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाएं, बेहतर साइनेज की सुविधा, 12 मीटर चौडाई के फुट ओवर ब्रिज इत्यादि यात्री सुविधाएं विकसित की जा रही है। अमृत स्टेशन पुनर्विकास योजनाओं से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, लोगों को आने जाने मे सुविधा होगी, स्वच्छ और आधुनिक रेलवे स्टेशनों से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और क्षेत्र का आर्थिक और सामाजिक विकास होगा।

हेड इंजरी व लकवाग्रस्त मरीज को न्यूरोफिजियोथेरेपी से लाभ मिला

- इस अवस्था में राजेश व्यास ने उनके फिजियोथेरेपी एवं रीहैबिलिटेशन सेंटर से संपर्क किया

कोटा, (निसं)। एक सड़क हादसे में 60 वर्षीय कोटा निवासी राजेश व्यास को सिर में गंभीर चोट लगी थी, जिससे उन्हें लकवा भी हो गया था। शरीर के एक भाग में कार्य करना भी बंद हो गया था। डॉ.शुभम दाधिच ने बताया कि इस अवस्था में राजेश व्यास ने उनके फिजियोथेरेपी एवं रीहैबिलिटेशन सेंटर से संपर्क किया।

डॉ.दाधिच ने मैनुअल थेरेपी/इलेक्ट्रोथैरेपी एवं न्यूरो फिजियोथेरेपी की विशेष तकनीकों और नवीनतम मशीनों व व्यायामों से उनका पूर्ण रूप से उपचार किया। अब मरीज राजेश जोशी अपने दैनिक कार्य करने में पूरी तरह सक्षम हो गए हैं। घूमने, सीढ़ियां चढ़ने में उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं है। कुन्हाड़ी स्थित महर्षि दधिची सेंटर के संचालक डॉ.शुभम दाधिच ने बताया कि ऑर्थो और न्यूरो से संबंधित बीमारियों में यदि सही समय पर फिजियोथेरेपी पद्धति से ईलाज कराया जाए तो मरीज को बहुत लाभ मिलता है।

ऐसे केस में केवल दवाईयों से पूर्ण इलाज संभव नहीं होता है। न्यूरोफिजियोथेरेपी वर्तमान में बहुत कारगर साबित हो रही है। मरीजों को फिजियोथैरेपिस्ट की सलाह अवश्य लेनी चाहिए ताकि उन्हें शीघ्र और सही लाभ प्राप्त हो सकें।

कार्य के चलते दुर्ग-अजमेर-दुर्ग एक्सप्रेस एक ट्रिप निरस्त

कोटा, (निसं)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मण्डल के नौरोजाबाद स्टेशन पर तीसरी लाइन कनेक्टिविटी हेतु प्री-नॉन/नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के चलते कोटा से गुजरने वाली गाड़ी संख्या 18213 दुर्ग-अजमेर एक्सप्रेस 24 नवम्बर को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी।

इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 18214 अजमेर-दुर्ग एक्सप्रेस 25 नवम्बर को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी।

यात्रियों से अनुरोध है कि असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा एनटीईएस अथवा रेल मदद 139 से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी प्राप्त कर यात्रा करें।

दिवाली मिलन समारोह संपन्न

कोटा, (निसं)। जनजागृति मंच कोटा का दिवाली मिलन समारोह स्टेशन क्षेत्र स्थित एक निजी होटल में संपन्न हुआ। इस अवसर पर भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान नए और पुराने गीतों से लोगों ने शाम को सजाया और दिवाली की शुभकामनाएं दी। कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गीतों की प्रस्तुति दी तो पूरा माहौल आनंदमयी हो गया।

साप्ताहिक बैठक में जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए

- 'शहर की आबोहवा को शुद्ध रखने के मध्यनजर खुले में कचरा जलाने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए चालान बनाए जाएं'

कोटा, (निसं)। साप्ताहिक समीक्षा एवं अंतर विभागीय समन्वय संबंधी बैठक सोमवार को जिला कलेक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की गतिविधियों की समीक्षा कर बिजली, पानी, चिकित्सा सहित आमजन से जुड़े विषयों पर आवश्यक निर्देश दिए।

कलक्टर डॉ. गोस्वामी ने निर्देश दिए कि छात्रावासों में चिकित्सा एवं करियर गाइडेंस शिविर इसी माह लगाए जाएं। इसके लिए सीएमएचओ टीम गठित करने के निर्देश दिए और करियर गाईडेंस के लिए अधिकारियों को मार्गदर्शन देने के लिए कहा।

शहर की स्वच्छता एवं सौंदर्यकरण को लेकर निर्देश दिए कि डिफेसमेंट के विरूद्ध नियमित कार्यवाही की जाए और शहर को सुंदर रूप देने के निरंतर प्रयास किए जाएं। सफाई व्यवस्था सुदृढ़ बनाने के लिए नियमित निरीक्षण कर रिपोर्ट दी जाए। शहर की आबोहवा को शुद्ध रखने के मध्यनजर खुले में कचरा जलाने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए चालान बनाए जाएं।

डीएपी की स्थिति की चर्चा करते हुए निर्देश दिए कि किसानों को संतुलित मात्रा में डीएपी के उपयोग तथा अन्य विकल्पों को अपनाने की सलाह दी जाए। पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत सभी सरकारी विभागों के कार्यालयों में सोलर संयंत्र लगाए जाने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त कर आवश्यक कार्यवाही शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए गए।

संपर्क पोर्टल की समीक्षा करते हुए अधिक लम्बित प्रकरण वाले विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे प्रतिदिन पोर्टल समस्याओं का समाधान कर रिपोर्ट दें। साथ ही, परिवाद निस्तारण में संतुष्टि और राहत का प्रतिशत बढ़ाएं।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रशासन मुकेश चौधरी, सीलिंग कृष्णा शुक्ला, शहर अनिल कुमार सिंघल, सीईओ जिला परिषद राजपाल सिंह, नगर निगम आयुक्त दक्षिण अनुराग भार्गव, अतिरिक्त आयुक्त जवाहर जैन, केडीए सचिव कुशल कोठारी सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

फन फेस्ट का आयोजन हुआ

मोदी ग्रुप द्वारा फन फेस्ट का आयोजन किया गया।

कोटा, (निसं)। मोदी ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मौज मस्ती भरे "फनफेस्ट-2024" का आयोजन दादाबाड़ी कैंपस में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सुजीत शंकर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, चेयरमेन सुशील मोदी और राघव मोदी ग्रुप डायरेक्टर द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के अतिथि सुजीत शंकर ने बताया कि विद्यार्थी जीवन में इस तरह के आयोजन जीवन पर्यंत याद रहते हैं व विद्यार्थी के व्यक्तित्व विकास के साथ नेतृत्व क्षमता को भी विकसित करते हैं। मोदी ग्रुप के चैयरमेन सुशील मोदी ने बताया कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा व खेलकूद के साथ-साथ फैन फेस्ट जैसे आयोजन भी बेहद जरूरी है जिनके माध्यम से विद्यार्थी मैनेजमेंट और टीम भावना से काम करना सीख सके। राघव मोदी के अनुसार फन फेस्ट में खाने पीने, गेम्स व कई तरह के झूलों के साथ-साथ विद्यार्थियों ने नृत्य, गायन, रैंप वॉक आदि का भी आनंद लिया और विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया।

फन-फ़ेस्ट के समापन समारोह के अतिथि डॉ.अतुल चतुर्वेदी अतिरिक्त सयुक्त निदेशक शिक्षा विभाग रहे। अतुल चतुर्वेदी ने संपूर्ण आयोजन को बहुत सराहा व विभिन्न गतिविधियों के विजेताओं को सम्मानित किया। फन फेस्ट में विभिन्न प्रकार के व्यंजनों की 55 स्टॉल्स, गेम्स की 40 स्टॉल्स व अन्य कई प्रकार की कई स्टॉल्स व झूले रहे।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने राजस्थानी थीम, विभिन्न देशों के झंडों व देशभक्ति थीम पर रैंप वॉक किया। छोटे-छोटे बच्चों ने अपने नन्हे-नन्हें कदमों से रैंप वॉक कर सबका मन मोह लिया। अंत में लक्की ड्रॉ कूपन के विजेताओं को अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। संपूर्ण आयोजन में मोदी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी के निदेशक डॉ.एन.के. जोशी, मोदी लॉ कॉलेज की प्राचार्या डॉ.क्षिप्रा गुप्ता, मोदी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के प्राचार्य डॉ.विकास सोनी, मोदी चेंम्प्स प्रिन्सिपल चेतना नामा, आईटीआई प्रिन्सिपल कमलेश रजोरा का सहयोग रहा।

कार्यक्रम की संयोजक मोदी पब्लिक स्कूल की प्राचार्या डॉ.नलिनी कुलश्रेष्ठ ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया व सभी विजेताओं को बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के व्याख्याता भावना शर्मा व हिमालय गौतम द्वारा किया गया।

कार्यालय नगर निगम कोटा उत्तर (राज0)

पता :- राजीव गाँधी भवन, दशहरा मैदान, कोटा ई-मेल :-nnkota@gmail.com

क्रमांक :- ननिको(उ)/राजस्व/2024/9074-84 दिनांकः- 13.11.2024

ई-निविदा सूचना 2024-26

नगर निगम कोटा उत्तर सीमा क्षेत्र में समस्त डिवाईडरों पर लगे विद्युत पोलो पर लघु विज्ञापन पट्ट (पोल कियोस्क साईज 30"X 40") दोनों तरफ प्रदर्शित किये जाने की दो वर्ष के लिये ई-निविदा पद्वति से ऑनलाईन निविदा आमन्त्रित की जाती है।

इस हेतु इच्छुक व्यक्ति/फर्म/ऐजेन्सी निविदा प्रपत्र एवं शर्ते नगर निगम की वेब साईट www.kotamc.org.com एवं http://sppp.rajasthan.gov.in तथा https://eproc.rajasthan.gov.in/ से देख एवं डाउनलोड कर सकते है।

1. UBN No. DLB2425SLOB11866
2. NIB No DLB2425A3871

उपायुक्त राजस्व नगर निगम कोटा उत्तर

राज.संवाद/सी/24/7901

कार्यालय नगर निगम, कोटा दक्षिण (राज.)

क्रमांकः-ननिकोद/जोन-प्रथम/भ.नि.अनु./2024/12706 दिनांकः 18.11.24

उपविभाजन एवं स्वामित्व हस्तांतरण बाबत सार्वजनिक विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री तरुण कुमार जैन पुत्र श्री बाबू लाल जैन, श्रीमती निर्मला कुमारी जैन पत्नी श्री बाबू लाल जैन एवं श्री बाबू लाल जैन पुत्र स्व. श्री मोहन लाल जैन निवासी निर्मला निकेतन, संतोष बेकरी के पीछे, न्यू कालोनी गुमानपुरा कोटा (राज.) ने नगर निगम कोटा दक्षिण में आवेदन प्रस्तुत कर भूखंड संख्या 288 शोपिंग सेन्टर कोटा क्षेत्रफल 2400 वर्गफुट में से भूतल 1502 वर्गफुट एवं सम्पूर्ण प्रथम तल का स्वामित्व स्वयं के नाम हस्तांतरण करने का निवेदन किया है। भूखंड संख्या 288 शोपिंग सेन्टर कोटा क्षेत्रफल 2400 वर्गफुट का आवंटन कार्यालय मण्डी कमेटी चम्बल योजना कोटा द्वारा पत्र क्रमांक 2996 मण्डी कमेटी/61 दिनांक 01.08.1961 से श्री रघुबीर सिंह पुत्र श्री कन्हैया लाल को किया गया। श्री रघुबीर सिंह ने उक्त भूखंड जर्ये रजिस्टर्ड दस्तावेज दिनांक 09.04.1963 से श्री कैलाश नाथ द्विवेदी पुत्र श्री मथुरा लाल द्विवेदी को विक्रय कर दिया। श्री कैलाश नाथ द्विवेदी ने उक्त भूखंड जर्ये रजिस्टर्ड दस्तावेज दिनांक 29.04.1965 से श्री क्रान्ती कुमार पुत्र श्री अमीर चन्द जैन को विक्रय कर दिया। श्री क्रान्ती कुमार जैन ने उक्त भूखंड का कुल क्षेत्रफल 2400 वर्गफुट में से ग्राउण्ड फ्लोर 1502 वर्गफुट एवं सम्पूर्ण मकान की छत यादि फस्ट फ्लोर 2400 वर्गफुट जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 23.11.2005 से श्री तरुण कुमार जैन पुत्र श्री बाबू लाल जैन, श्रीमती निर्मला कुमारी जैन पत्नी श्री बाबू लाल जैन एवं श्री बाबू लाल जैन पुत्र स्व. श्री मोहन लाल जैन को विक्रय कर दिया। आवेदकों द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार नगर निगम कोटा दक्षिण में उक्त भूखंड के आवेदित भाग का उपविभाजन स्वीकृत कर स्वामित्व नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त भूखंड के आवेदित भाग का उपविभाजन स्वीकृत कर स्वामित्व नाम हस्तांतरण करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को भी उक्त मूल भूखंड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में उपायुक्त, नगर निगम कोटा दक्षिण कार्यालय में प्रस्तुत करें। बाद मियाद आपत्ति मान्य नहीं होगी।

उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण

कार्यालय नगर पालिका केशवराय पाटन जिला बून्दी (राज.)

क्रमांक :- कार्तिक मेला/न.पा.के.पाटन/2024/2991-92 दिनांक :- 14/11/2024

निविदा सूचना

नगर पालिका के0पाटन द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कार्तिक मेला 2024 में सांस्कृतिक कार्यकम, भजन संध्या, राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाना है। जिसमें कार्यकम के इच्छुक व्यक्ति/संस्था/कम्पनी/संवेदक दिनांक 20.11.2024 को प्रातः 10.00 बजें से प्रातः 11.00 बजें तक निविदा प्रपत्र नगर पालिका से प्राप्त कर दिनांक 20.11.2024 को दोपहर 1 बजें तक सीलबन्द निविदा प्रस्तुत कर सकते है। प्राप्त निविदाऐं उसी दिन दोपहर 2.00 बजें उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जावेगी। प्राप्त निविदाओं को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार पालिका प्रशासन में निहित होगा। निविदा संबंधी समस्त विवरण वेब साईट www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा /डाउनलोड किया जा सकता है। धरोहर राशि एवं निविदा शुल्क डी.डी. के माध्यम से ही स्वीकृत किया जावेगा। टेण्डर फार्म लेखा शाखा से प्राप्त किये जा सकते है। आवश्यकता होने पर नेगोशेसन किया जा सकता है।

Sr.	UBN No.	Sr.	UBN No.
1	DLB2425SSOB11877	2	DLB2425SSOB11878
3	DLB2425SSOB11880	4	DLB2425SSOB11881
5	DLB2425SSOB11882		Tendor Cost – 14.40 Lac

राज.संवाद/सी/24/7882 अध्यक्ष अधिशाषी अधिकारी

कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति नाहरगढ़ जिला-बारां

क्रमांक : 248-60 दिनांक :- 14.11.2024

आवंटन विज्ञप्ति

UBN No. - DAM2425GSRC01022

कृषि उपज मण्डी समिति नाहरगढ़ के मुख्य मण्डी प्रागंण में चिन्हित एवं रिक्त भुखण्डों का अचल सम्पत्ति आंवटन नीति 2005 तथा समय-समय पर जारी संशोधनों के अन्तर्गत द्वितीय एवं पश्चावर्ती चरण में 99 वर्षीय लीज पर आवटंन किये जाने हेतु मण्डी समिति नाहरगढ़ के स्थायी अनुज्ञापत्रधारी व्यापारी वर्ग व राज्य की अन्य मण्डी समिति के अनुज्ञापत्रधारी व्यापारी, मण्डी क्षेत्र की अनुज्ञापत्रधारी तेल मिल व अन्य कृषि जिन्स प्रसंस्करण इकाइयों मण्डी क्षेत्र के कृषक वर्ग, जैविक खेती करने वाले उत्पादक संगठन, निःशक्तजनों, विधवा कृषक महिला से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। आवंटन योग्य रिक्त भूखण्डों का नीति अनुरूप आरक्षण का विवरण निम्न प्रकार है :-

भूखण्डो का प्रयोजन	मुख्य मण्डी प्रांगण	आंवटन योग्य रिक्त चिन्हित भूखण्डों की साईज व संख्या	अनुज्ञापत्रधारी स्थानीय मण्डी व्यापारियों हेतु भुखण्डों की संख्या						राज्य की अन्य मण्डी समिति के अनुज्ञापत्रधारी व्यापारी	अनुज्ञापत्रधारी तेल मिल व अन्य जिन्स प्रसंस्करण इकाइयां (मण्डी से बाहर)		कृषक वर्ग हेतु आरक्षित भूखण्ड संख्या						विधवा कृषक महिला		स्थानीय मण्डी समिति के सीधी खरीद के अनुज्ञापत्रधारी जैविक खेती करने वाले कृषक उत्पादक संगठन/कम्पनी	आवंटन दर
			स्थानीय मण्डी क्षेत्र के अनुज्ञापत्रधारी व्यापारी		अनुसूचित जाति		अनुसूचितजन जाति					सामान्य वर्ग		एस.सी वर्ग		एस.टी.वर्ग					
			सामान्य	निःशक्तजन	सामान्य	निःशक्तजन	सामान्य	निःशक्तजन		सामान्य	निःशक्तजन	सामान्य	निःशक्तजन	सामान्य	निःशक्तजन	सामान्य	निःशक्तजन	सामान्य	निःशक्तजन		
अधिसूचित कृषि जिंस	नाहरगढ़	मण्डी प्रांगण में रिक्त भूखण्ड-30 20'- 6'x100 - 22 20'-6'x65 - 8	13	1	3	-	3	-	2	1	-	4	-	1	-	1	-	-	-	1	अचल संपत्ति आवंटन नीति 2005 के संशोधित प्रावधानो के अनुरूप आवंटन दिनांक को प्रभावी व्यवसायिक DLC दर

1. आवेदन हेतु आवेदन पत्र 200/-रू. कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति नाहरगढ़ में नकद जमा कराकर दिनांक 14.11.2024 से कार्यालय समय में मण्डी समिति कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। आवेदन पत्र भरकर कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति नाहरगढ़ में दिनांक 16.12.2024 को सांय 5:00 बजे तक जमा करवाये जा सकते हैं।
2. आवंटन से सम्बन्धित शर्ते व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट http://agriculture.rajasthan.gov.in /Mandi व SPPP पोर्टल पर मण्डी समिति कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय समय में उपस्थित होकर देखी एवं प्राप्त की जा सकती है।

राज.संवाद/सी/24/7909 प्रशासक कृषि उपज मण्डी समिति नाहरगढ़ सचिव कृषि उपज मण्डी समिति नाहरगढ़